भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. +3337
सोमवार, 9 अगस्त, 2021/18 श्रावण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**श्री नारायणगुरु आध्यात्मिक सर्किट का कार्यान्वयन**

**+3337. एडवोकेट ए.एम.आरिफ:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने केरल में श्री नारायणगुरु आध्यात्मिक (शिवगिरी तीर्थ) सर्किट को लागू करने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके कार्यान्वयन के लिए सौंपी गई एजेंसी के साथ-साथ इसके लिए निर्धारित धनराशि और अब तक किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को केरल सरकार से उक्त सर्किट के कार्यान्वयन को पर्यटन विभाग को सौंपने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो उसकी क्या स्थिति है;

(घ) क्या सरकार स्वदेश दर्शन योजना के तहत केरल राज्य में 133 पूजा स्थलों को जोड़ने वाले आध्यात्मिक सर्किट को रद्द करने के अपने निर्णय को रद्द करना चाहती है; और

(ड.) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ड.): पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के आध्यात्मिक परिपथ थीम के तहत वर्ष 2018-19 में 69.47 करोड़ रु से "सिवागिरि – श्री नारायण गुरु आश्रम – अरुवीपुरम – कुनुमपारा श्री सुब्रामणिया –चेंबाझांती श्री नारायण गुरुकुलम का विकास" परियोजना को स्वीकृति दी है और परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (आईटीडीसी) को इसकी पहली क़िस्त के रूप में कुल 1.61 करोड़ रू. की राशि जारी की गई है ।

इसके कार्यान्वयन को पर्यटन विभाग, केरल सरकार को सौपने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

स्वदेश दर्शन योजना के तहत केरल राज्य में 133 पूजा स्थलों को जोड़ने वाले आध्यात्मिक परिपथ को रद्द करने के फैसले को वापस लेने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है । पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत केरल राज्य में 418.60 करोड़ रू. से 5 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है ।

*****